संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक-248 मंगलवार,09 जुलाई 2024,पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपये




# खुला पत्र...बताईए मुख्यमंत्री जी

## कलम बंद...का नवां दिन

### क्या प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री के लिए पूरे प्रदेश के लोगों से ऊपर उनके भतीजे और उनके विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी हैं?

स्वास्थ्य मंत्री ने पत्रकारों को संरक्षण देने की बात कही...वहीं दूसरी तरफ भ्रष्टाचार पर जनसंपर्क अधिकारी को आगे कर समाचार-पत्र पर दबाव बनाने का कर रहे वह काम...ये कैसा संरक्षण? कैसे पत्रकारों को मिलेगी सुरक्षा...कैसे समाचार-पत्र रह सकेंगे निष्पक्ष...जब उन्हे सच लिखने पर मिलेगी सजा?

घटती-घटना अखबार में स्वास्थ्य मंत्री के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी श्री संजय मरकाम व उनके भतीजे प्रभारी डीपीएम प्रिंस जायसवाल की कमियों की छप रही खबर को रोकने के लिए स्वास्थ्य मंत्री ने छत्तीसगढ़ जनसंपर्क विभाग के आयुक्त सहसंचालक आइपीएस श्री मयंक श्रीवास्तव को किया आगे?

# क्या छापें माननीय मुख्यमंत्री जी?

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल महामहिम श्री विश्वभूषण हरिचंदन से हस्तक्षेप की मांग...
क्या छापें आयुक्त सहसंचालक आईपीएस मयंक श्रीवास्तव साहब?
स्पष्ट कीजिए माननीय प्रधानमंत्री जी,स्पष्ट कीजिए माननीय मुख्यमंत्री जी छत्तीसगढ़ शासन,स्पष्ट कीजिए माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी छत्तीसगढ़ शासन...
गृहमंत्री जी,भारत सरकार क्या छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार को लेकर खबर प्रकाशन पर होगी समाचार पत्र पर कार्यवाही ?

## तुगलकी फरमान के विरूद्ध कलमबंद अभियान...

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के विभाग जनसंपर्क के द्वारा स्वास्थ्य मंत्री श्री श्यामबिहारी जायसवाल के विभाग से संबंधित समाचारों के प्रकाशन पर जनसंपर्क संचनालय के आयुक्त सह संचालक आईपीएस श्री मयंक श्रीवास्तव के मौखिक आदेश पर घटती-घटना के शासकीय विज्ञापन पर रोक लगाकर दबाव बनाने से लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के मूलभूत हक पर कुठाराघात के विरूद्ध कलमबंद अभियान...?




कलम बंद...का नवां दिन

?

कलम बंद...का नवां दिन




घटती-घटना के स्नेही पाठकों,विज्ञापनदाताओं एवं शुभचिंतकों को हो रही असुविधा के लिए खेद है...

संपादक :- अविनाश कुमार सिंह

संपादकीय

# क्या समाचार अब पूछकर किया जायेगा प्रकाशित...क्या अब अभिव्यक्ति की आजादी पर भी छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री लगाएंगे रोक?

## » क्या स्वास्थ्य मंत्री की वजह से प्रदेश में पत्रकारिता अब निष्पक्ष नहीं रह जायेगी...?

## » क्या स्वास्थ्य मंत्री खबरों के लिए सेंसर जैसी संस्था बैठायेगें...?

## » क्या भाजपा के भ्रष्टाचारी नेता इसलिए हैं पाक-साफ क्योंकि वह हैं भाजपा के पदाधिकारी?

**अम्बिकापुर, 08 जुलाई 2024 (घटती-घटना)।** छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार क्या अब आईना दिखाती खबरों पर प्रतिबंध लगा चुकी है, क्या सरकार और व्यवस्था शासकीय तंत्र की कमियां और भ्रष्टाचार को लेकर प्रकाशित खबर पर सरकार रोक लगा चुकी है ऐसी खबरें अब प्रकाशन योग्य नहीं मानी जाएंगी यह प्रश्न तब उठने लगा है? जब एक समाचार-पत्र के शासकीय विज्ञापन पर प्रदेश जनसंपर्क अधिकारी ने रोक लगा दी है। प्रदेश जनसंपर्क कार्यालय के अनुसार विज्ञापन पर प्रतिबंध स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश पर आयुक्त सह संचालक आईपीएस श्री मयंक श्रीवास्तव के कहने पर लगाया गया है। जिस समाचार-पत्र पर यह प्रतिबंध लगाया गया है वह दैनिक घटती-घटना है और जो लगातार स्वास्थ्य विभाग के भ्रष्टाचार को उजागर करने का काम कर रहा था और जो लगातार स्वास्थ्य मंत्री के भतीजे और संविदा डीपीएम की मनमानी स्वास्थ्य मंत्री के विशेष सलाहकार ओएसडी को लेकर भी समाचार का प्रकाशन कर रहा था जिसमे यह बताया जा रहा था की कैसे ओएसडी स्वास्थ्य मंत्री के फर्जी दिव्यांग प्रमाण-पत्र के आधार पर शासकीय सेवक बने हुए हैं कैसे



स्वास्थ्य मंत्री के भतीजे कांग्रेस शासनकाल में भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरने के बाद भी भाजपा सरकार में पुनः डीपीएम बनकर नए जिले के मनमानी कर रहे हैं जबकि पूर्व कर्तव्यस्थ जिले में उन्होंने जो भ्रष्टाचार कांग्रेस शासनकाल में किया है उसकी जांच लंबित है जिसको लेकर कई शिकायतें भी की गई हैं।

प्रदेश में सुशासन स्थापना के साथ नई भाजपा सरकार का गठन हुआ है ऐसा स्वयं पुनः सरकार बनने पर भाजपा का ही दावा था लेकिन जिस तरह समाचार-पत्र के द्वारा भ्रष्टाचार को उजागर करने पर समाचार-पत्र को ही प्रभावित करने उसका प्रकाशन रोकने उसका विज्ञापन शासकीय रोका गया, जिससे समाचार पत्र दबाव में आ जाए गलत का भ्रष्टाचार का प्रकाशन रोक दे यह कहना गलत नहीं होगा की कुल मिलाकर लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को ही यह दबाने और उसे निष्क्रीय करने का एक प्रयास है। दैनिक घटती-घटना सरगुजा अंचल से प्रकाशित होने वाला एक ऐसा समाचार-पत्र है जो अपनी निष्पक्षता और अपनी बेबाक साथ ही भ्रष्टाचार के विरुद्ध लेखनी के लिए पहचान रखता है। कई बार इस समाचार-पत्र समूह के लोगों पर पूर्ववर्ती सरकार में भी प्रहार कानूनी करने के प्रयास किए गए जो तब भी इस उद्देश्य से हुए की वह समाचार-पत्र की कलम को रोक सकें और समाचार-पत्र को अपने अनुसार खबर लिखने पर मजबूर कर सकें लेकिन तब भी न तो समाचार-पत्र झुका न ही उसके साथ काम कर रहे लोग ही झुके,जबकि प्रयास तो ऐसे-ऐसे किए गए जैसे की समाचार-पत्र में लेखनी की जगह उससे जुड़े लोग कोई राष्ट्रद्रोह जैसा अपराध कर रहे हों जबकि वह केवल भ्रष्टाचार को ही उजागर करने का काम करते चले आ रहे थे। खैर जैसे-तैसे सभी कठिनाइयों को पार करते हुए दैनिक घटती-घटना समाचार-पत्र समूह लगातार अपने अभियान में जुटा हुआ था और अभी भी जुटा हुआ है लेकिन अब वर्तमान सरकार उसे रोकने नया हथकंडा लेकर समाने आई है जिसमे वह अब समाचार-पत्र का विज्ञापन ही रोकने फरमान जारी कर चुकी है जिसका मौखिक निर्देश जारी कर दिया है सरकार की तरफ से।

वैसे दैनिक घटती-घटना समाचार-पत्र समूह विज्ञापन रोकने की घटना से ज्यादा कोई प्रभाव अपने ऊपर महसूस नहीं कर रहा है वह यह मानकर चल रहा है की यह क्षणिक एक प्रहार है जिसे सहकर आगे बढ़ना है और उसी तरह भ्रष्टाचार के विरुद्ध लिखना है जैसा पहले से अभियान जारी है। वैसे छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार है और केंद्र में भी भाजपा गंठबंधन की सरकार है और प्रधानमंत्री भाजपा के हैं गृहमंत्री भाजपा के हैं जो भ्रष्टाचार को लेकर लगातार आक्रामक हैं और जिनका साफ तौर पर कहना है की भ्रष्टाचार किसी भी हाल में बर्दास्त नहीं किया जायेगा और जिसके तहत कई बड़े नेता जेल में हैं। अब जेल में जो नेता हैं वह गैर भाजपाई हैं और इनमें कई मुख्यमंत्री भी हैं वहीं उनकी छत्तीसगढ़ में सरकार है और उनके मंत्री पर भी भ्रष्टाचार के आरोप लग रहे हैं ऐसे में क्या वह प्रदेश में भी ऐसा कोई निर्णय लेंगे जिसके तहत वह भ्रष्टाचार के विरुद्ध अपने ही दल के नेताओं पर कार्यवाही करेंगे। अब यही देखने वाली बात है की प्रधानमंत्री और गृहमंत्री देश के क्या छत्तीसगढ़ के भ्रष्टाचार के मामले वैसा ही निर्णय लेते हैं जैसे गैर भाजपा शासित राज्यों के लिए उनका होता है या यहां वह भी राज्य सरकार और स्वास्थ्य मंत्री के साथ उस निर्देश में सहभागी नजर आते हैं जिसमे भ्रष्टाचार के विरुद्ध लिखना मतलब शासकीय विज्ञापन से ही हांथ धोना वहीं एक तरह से अपराध करना माना जा रहा है। वैसे अब विज्ञापन रुके या फिर कोई अपराधिक प्रकरण दर्ज कर ही भ्रष्टाचार संबंधित खबरें रोकने की कोशिश की जाए हर हाल में दैनिक घटती-घटना अपना काम जो भ्रष्टाचार के विरुद्ध लेखनी का है वह जारी रखने वाला है और वह किसी हाल में पीछे नहीं हटने वाला। भ्रष्टाचार को लेकर न पुरवर्ती सरकार के कार्यकाल में भयभीत हुआ था दैनिक घटती-घटना पत्र समूह न आगे ही होगा।



घटती-घटना | सरगुजा-समाचार | अम्बिकापुर, सोमवार 01 जुलाई 2024 | 3

खुला पत्र

कौन सी खबर प्रकाशित करें स्वास्थ्य मंत्री जी? क्या प्रकशित करें आयुक्त सहसंचालक आईपीएस मयंक श्रीवास्तव जी?

आपको जो कमियां दिखाई जा रही हैं वह आपको पसंद नहीं आ रही हैं... आपके विभाग में कितनी कमियां हैं यह शायद आपको दिख नहीं रहा...और अखबार आपको दिखाना चाह रहा है वह देखना नहीं चाहते...ऐसे में क्या प्रकाशित करें यह आप ही तय करें? अखबार जो आपको कमियां दिख रहा है उस कमियों को आपको दूर करना था...पर उसे कमियों को दूर करने के बजाय आप अखबार से पत्रकार से संपादक से आपको दिक्कत हो रही फिर आप यह समझिए कि आपसे जनता को कितनी दिक्कतें हो रही होंगी?

क्या छापें माननीय मुख्यमंत्री जी?

» क्या छापें स्वास्थ्य मंत्री जी?
» क्यां छापें आयुक्त सहसंचालक आईपीएस मयंक श्रीवास्तव जी?
» देश के माननीय प्रधानमंत्री से भी सवाल...क्या भ्रष्टाचार के विरुद्ध छत्तीसगढ़ की प्रदेश सरकार के खिलाफ समाचार लिखना है अपराध?
» क्या भ्रष्टाचार का मामला वहीं होगा दर्ज जहां होगी भाजपा से इत्तर दल की सरकार?
» क्या भाजपा के भ्रष्टाचारी नेता इसलिए हैं पाक-साफ क्योंकि वह हैं भाजपा के पदाधिकारी?

कलम बंद...

कलम बंद...



घटती-घटना | राजधानी समाचार | अम्बिकापुर, सोमवार 01 जुलाई 2024 | 8

खुला पत्र

क्या भाजपा के भ्रष्टाचारी नेता इसलिए हैं पाक-साफ,क्योंकि वह हैं भाजपा के पदाधिकारी?

» क्या छत्तीसगढ़ के भाजपा सरकार में भी भ्रष्टाचारी नेता हैं पाक साफ?
» विधायक मंत्री पाक साफ क्योंकि वह भाजपा के पुरानी कांग्रेस सरकार के राह पर ही चलती दिख रही?

वर्तमान भाजपा की नई सरकार व उनके विधायक व मंत्री 6 महीने के कार्यकाल कुछ इसी प्रकार देखने को मिला, स्वास्थ्य विभाग के मामले में तो पिछले 6 महीने में पुराने भ्रष्टाचारों की एक भी जांच नहीं हुई, यहां तक जांच करने का प्रयास भी नहीं किया गया जबकि मंत्री भी सारे भ्रष्टाचारों से अवगत है फिर भी न जाने किसके लिए हुआ है चुप है

क्या छापें माननीय मुख्यमंत्री जी?

कलम बंद...

कलम बंद...

» क्या छापें स्वास्थ्य मंत्री जी?
» क्यां छापें आयुक्त सहसंचालक आईपीएस मयंक श्रीवास्तव जी?
» देश के माननीय प्रधानमंत्री से भी सवाल...क्या भ्रष्टाचार के विरुद्ध छत्तीसगढ़ की प्रदेश सरकार के खिलाफ समाचार लिखना है अपराध?
» क्या भ्रष्टाचार का मामला वहीं होगा दर्ज जहां होगी भाजपा से इत्तर दल की सरकार?
» क्या भाजपा के भ्रष्टाचारी नेता इसलिए हैं पाक-साफ क्योंकि वह हैं भाजपा के पदाधिकारी?



घटती-घटना | लेख एवं विचार अभिव्यक्ति | अम्बिकापुर, सोमवार 08 जुलाई 2024 | 2

संपादकीय

एक तरफ स्वास्थ्य मंत्री ने पत्रकारों को संरक्षण देने की बात कही वहीं दूसरी तरफ भ्रष्टाचार पर जनसंपर्क अधिकारी को आगे कर समाचार-पत्र पर दबाव बनाने का कर रहे हैं काम!











समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओ को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

**घटती-घटना के स्नेही पाठकों,विज्ञापनदाताओं एवं शुभचिंतकों को हो रही असुविधा के लिए खेद है...**

संपादक :- अविनाश कुमार सिंह

C M Y K

खुला पत्र

# क्या प्रकशित करें आयुक्त सहसंचालक आईपीएस मयंक श्रीवास्तव जी ?

अम्बिकापुर,08 जुलाई 2024(घटती-घटना)। आपको जो कमियां दिखाई जा रही हैं...वह आपको पसंद नहीं आ रही हैं...आपके विभाग में कितनी कमियां हैं...यह शायद आपको दिख नहीं रहा और अखबार आपको दिखाना चाह रहा है...वह देखना नहीं चाहते ऐसे में क्या प्रकाशित करें..यह आपकी तय करें ? अखबार जो आपको कमियां दिख रहा है उस कमियों को आपको दूर करना था पर उसे कर्मियों को दूर करने के बजाय आप अखबार  से पत्रकार से संपादक से आपको दिक्कत हो रही फिर आप यह समझिए कि आपसे जनता को कितनी दिक्कतें हो रही होंगी ?


# क्या छापें माननीय मुख्यमंत्री जी ?




कलम बंद...का नवां दिन

?

कलम बंद...का नवां दिन




घटती-घटना के स्नेही पाठकों,विज्ञापनदाताओं एवं शुभचिंतकों  को हो रही असुविधा के लिए खेद है...


संपादक :- अविनाश कुमार सिंह

## खुला पत्र

# देश के माननीय प्रधानमंत्री से भी सवाल...क्या भ्रष्टाचार के विरुद्ध छत्तीसगढ़ की प्रदेश सरकार के खिलाफ समाचार लिखना है अपराध ?

**अम्बिकापुर,08 जुलाई 2024 (घटती-घटना)।** माननीय मुख्यमंत्री से भी सवाल है...छत्तीसगढ़ में आपकी सरकार है...केंद्र में भी आपकी पार्टी की सरकार है...पर छत्तीसगढ़ में लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को कमियां दिखाने से रोकने का भी प्रयास हो रहा है...यह प्रयास कहीं ना कहीं स्वस्थ लोकतंत्र को कमजोर करने का प्रयास है...जहां पर भाजपा सरकार से लोगों को बेहतर करने की उम्मीद होती है तो वहीं पर छत्तीसगढ़ में नवनिर्वाचित मंत्री,विधायक बे-लगाम हो चुके हैं...उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है उसे जिम्मेदारी को निभाने में असमर्थ दिख रहे हैं...उनकी कमियों को बताना उन्हें रास नहीं आ रहा इसलिए वह पत्रकार,संपादक का कलम बंद करने का प्रयास कर रहे हैं अब इस पर आप ही संज्ञान ले...और बताएं की संपादक व पत्रकार कौन सी खबर प्रकाशित करें ?

# क्या छापें माननीय मुख्यमंत्री जी ?










घटती-घटना के स्नेही पाठकों,विज्ञापनदाताओं एवं शुभचिंतकों को हो रही असुविधा के लिए खेद है...

संपादक :- अविनाश कुमार सिंह

## खुला पत्र

# भारत में सच्चे पत्रकार को राजनीतिक पार्टियों से खतरा क्यों रहता है ?

अम्बिकापुर,08 जुलाई 2024(घटती-घटना)। भारत अपने पत्रकारों को निडर होकर काम करने का स्वतंत्र तरीका प्रदान करने में बहुत पीछे है...इन दिनों...कुछ को छोड़कर...हर दूसरा पत्रकार वही खबर दे रहा है जो सरकार की प्रशंसा करती है...नए चैनल लोगों को सरकार द्वारा की गई गलती से विचलित करने के लिए विभिन्न विषयों पर अनावश्यक बहस दिखाएंगे...इसके कारण,अधिक महत्वपूर्ण मुद्दे हैं जो किसी का ध्यान नहीं जाता हैं...दूसरा कारण यह है कि पत्रकार अपने सिद्धांतों और मूल्यों को खो रहे हैं क्योंकि आज स्थिति ऐसी है कि स्थापना के खिलाफ विषयों पर बोलने या लिखने वाले पत्रकारों को धमकी देना,गाली देना और मारना कई अन्य देशों की तरह भारत में भी एक वास्तविकता बन गई है...देश और दुनिया को डरा दिया है...वहीं,पत्रकारों पर लगातार हो रहे हमलों की घटनाओं ने एक बार फिर उन्हें सुर्खियों में ला दिया है...जो पत्रकार देश और उसके आम नागरिकों के लिए लिखे वे मरे या प्रताड़ित हुए सरकारी तंत्रों के द्वारा...!

# क्या छापें माननीय मुख्यमंत्री जी ?




घटती-घटना के स्नेही पाठकों,विज्ञापनदाताओं एवं शुभचिंतकों को हो रही असुविधा के लिए खेद है...

संपादक :- अविनाश कुमार सिंह


खुला पत्र

# क्या भ्रष्टाचार का मामला वहीं होगा दर्ज जहां होगी भाजपा से इतर दल की सरकार?

» भ्रष्टाचार की खबरों से दिक्कत...
» कमी दिखाओ तो दिक्कत...
» जनता की परेशानियों को दिखाओ तो दिक्कत...


अम्बिकापुर,08 जुलाई 2024(घटती-घटना)। आखिर लोकतंत्र का चौथा स्तंभ करें तो क्या करें? सरकारी तंत्र भ्रष्टाचार की ओर बढ़ रहे भ्रष्टाचार को उजागर करने पत्रकार दौड़ रहा पर पत्रकार की दौड़ के पीछे निर्वाचित जनप्रतिनिधि उसकी दौड़ की गति को कम करने का प्रयास कर रहे हैं,भ्रष्टाचार बढ़ता रहे पर पत्रकार ना दिखाएं क्या यही चाहता है जनप्रतिनिधि या फिर सरकारी तंत्र।

# क्या छापें माननीय मुख्यमंत्री जी?










घटती-घटना के स्नेही पाठकों,विज्ञापनदाताओं एवं शुभचिंतकों को हो रही असुविधा के लिए खेद है...

संपादक :- अविनाश कुमार सिंह

## संक्षिप्त खेल समाचार

### टी 20 वर्ल्ड कप जीतने पर भारतीय क्रिकेट टीम को दी जायेगी 125 करोड़




» कोच और सेलेक्शन समिति को भी मिलेगी राशि

**नई दिल्ली,08 जुलाई 2024।** रोहित शर्मा की अगुवाई में टीम इंडिया ने 13 साल का लंबा इंतजार खत्म कर टी20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब अपने नाम किया था। इस दौरान बीसीसीआई की तरफ से टीम इंडिया को 125 करोड़ की प्राइज मनी का ऐलान किया गया। ये राशि सिर्फ खिलाड़ी और कोचिंग स्टाफ में ही नहीं बल्कि टीम सेलेक्टर्स को भी दी जाएगी।

**खिलाड़ियों पर होगी धनवर्षा**

टी 20 वर्ल्ड कप के लिए 42 सदस्य दल गया था। बीसीसीआई ने 15 खिलाड़ियों की टीम चुनी थी। टीम में शामिल सभी खिलाड़ियों को 5-5 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। इस दौरान जिन खिलाड़ियों को खेलने का मौका नहीं मिला, उनमें संजू सैमसन, युजवेंद्र चहल, यशस्वी जायसवाल को भी 5 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। टीम के साथ बतौर रिजर्व खिलाड़ी शुबमन गिल, रिंकू सिंह, आवेश खान और खलील अहमद को 1-1 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। साथ ही कोचिंग स्टाफ में हेड कोच राहुल द्रविड़ को पांच करोड़ रुपये दिए जाएंगे। जबकि बैटिंग कोच विक्रम राठौड़, फील्डिंग कोच टी दिलीप और गेदंबाजी कोच पारस म्हांब्रे को 2.5-2.5 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। वहीं बैकरूम स्टाफ में मौजूद तीन फिजियोथेरेपिस्ट, तीन थ्रोडाउन स्पेशलिस्ट, दो मसाज करने वाले और स्ट्रेंथ और कंडीशनिंक कोच को 2-2 करोड़ रुपये मिलेंगे। सेलेक्शन कमिटि के सभी सदस्यों को 1-1 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। वहीं लॉजिस्टिक मैनेजर और मीडिया ऑफिसर को भी इनाम मिलेगा।

### भारत के खिलाफ श्रृंखला से पूर्व जय सूर्या श्रीलंका के अंतरिम कोच नियुक्त

**कोलंबो,08 जुलाई 2024।** श्रीलंका के पूर्व कप्तान सनथ जयसूर्या को इस महीने के अंत में भारत के खिलाफ होने वाली सीमित ओवरों की घरेलू श्रृंखला से पहले टीम का अंतरिम मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। भारतीय टीम 27 जुलाई से शुरू होने वाले तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय और इतने ही वनडे मैचों के लिए श्रीलंका का दौरा करेगी। आक्रामक बल्लेबाजी के साथ



स्पिन गेंदबाजी करने वाले 55 साल के वामहस्त खिलाड़ी जयसूर्या इंग्लैंड के क्रिस सिल्वरवुड की जगह लेंगे।

# जिम्बाब्वे से मुकाबले के लिए भारतीय टीम में बदलाव

» भारत/ जिम्बाब्वे तीसरा टी 20 के लिए इन प्लेयर्स को मौका देंगे कप्तान शुभमन गिल?

» प्लेयर्स 11 में हो सकते हैं 2 बड़े बदलाव

**नई दिल्ली,08 जुलाई 2024।** भारत और जिम्बाब्वे के बीच 5 टी20 मैचों की सीरीज खेली जा रही है। सीरीज के दो मैच हो चुके हैं और दोनों ही टीमों ने एक-एक मुकाबला जीता है। इस तरह से सीरीज अभी बराबरी पर बनी हुई है। टीम इंडिया की तरफ से अभी तक सीरीज में कुल चार डेब्यू हो चुके हैं। इनमें ध्रुव जुरेल, अभिषेक शर्मा, रियान पराग और साई सुदर्शन के नाम शामिल हैं। दोनों टीमों के बीच तीसरा टी20 मैच 10 जुलाई से खेला जाएगा।

**गिल के साथ अभिषेक शर्मा ही कर सकते हैं ओपनिंग**

तीसरे टी20 मैच के लिए भारतीय टीम की स्क्वाड में संजू सैमसन, शिवम दुबे और यशस्वी जायसवाल जुड़ेंगे। ऐसे में टीम इंडिया की प्लेइंग इलेवन में बदलाव हो सकता है। अभिषेक शर्मा जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले टी20 इंटरनेशनल मैच में जीरो रन पर आउट हो गए थे। लेकिन दूसरे टी20 मैच में उन्होंने कमाल का प्रदर्शन किया और तूफानी शतक लगाया। उन्होंने सिर्फ 46 गेंदों में ही शतक पूरा कर लिया। अभिषेक की वजह से ही टीम इंडिया मैच जीतने में सफल रही है। ऐसे में वह कप्तान शुभमन गिल के साथ ओपनिंग करते हुए दिखाई दे सकते हैं।




**संजू सैमसन और शिवम दुबे को मिल सकता है चांस**

रुतुराज गायकवाड़ ने जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टी20 इंटरनेशनल मैच में बेहतरीन अर्धशतक लगाया। उन्होंने 77 रनों की पारी खेली। ऐसे में तीसरे टी20 मैच में उन्हें तीसरे नंबर पर उतारा जा सकता है। ध्रुव जुरेल पहले मैच में कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाए ऐसे में तीसरे मैच में उनकी जगह संजू सैमसन को मौका मिल सकता है। संजू की विकेटकीपिंग स्किल भी कमाल की है। इसके अलावा पांचवें नंबर पर रिंकू सिंह को चांस मिल सकता है। पिछले कुछ समय से हर मौके पर रिंकू ने खुद को साबित किया है। डेथ ओवर्स में उनकी बैटिंग देखते ही बनती है। जब वह लय में हों तो किसी भी गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ा सकते हैं। शिवम दुबे को रियान पराग की जगह मौका मिल सकता है और साई सुदर्शन को भी प्लेइंग इलेवन में शामिल किया जा सकता है। शुभमन गिल ने पहले मैच में खलील अहमद को चांस दिया था, लेकिन दूसरे मैच में उन्हें प्लेइंग इलेवन से बाहर कर दिया था। तीसरे टी20 मैच में तेज गेंदबाजी आक्रमण की जिम्मेदारी आवेश खान और मुकेश कुमार को सौंपी जा सकती है। इन दोनों ही प्लेयर्स ने दूसरे मैच में 3-3 विकेट अपने नाम किए थे और टीम इंडिया को जीत दिलाने में अहम भूमिका अदा थी। रवि बिश्नोई ने अभी तक खेले गए, दोनों ही मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया है। ऑलराउंडर के तौर पर वॉशिंगटन सुंदर को चांस मिल सकता है।

**तीसरे टी 20 मैच के लिए भारतीय टीम की संभावित 11 प्लेयर्स**

शुभमन गिल (कप्तान), अभिषेक शर्मा, रुतुराज गायकवाड़, संजू सैसमन, रिंकू सिंह, शिवम दुबे, साई सुदर्शन, वॉशिंगटन सुंदर, आवेश खान, मुकेश कुमार और रवि बिश्नोई।

# चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए टीम इंडिया का शेड्यूल

» पाकिस्तान के अलावा बांग्लादेश, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, अफगानिस्तान और साउथ अफ्रीका की टीमों से होगा मुकाबला

**नई दिल्ली,08 जुलाई 2024।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आयोजन तो अगले साल होगा, लेकिन इसके लिए तैयारी अभी से शुरू हो चुकी है। पीसीबी की ओर से आईसीसी को एक ड्रॉफ्ट शेड्यूल सौंपा गया है, जो जारी किया जा सकता है। हालांकि अभी ये तय नहीं है कि टीम इंडिया इस टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान जाएगी कि नहीं। अगर भारतीय क्रिकेट टीम वहां नहीं जाती है तो फिर टीम इंडिया अपने मुकाबले कहां खेलेगी, इससे भी अभी पर्दा उठना बाकी है। हालांकि बीसीसीआई के सचिव जय शाह पहले ही साफ कर चुके हैं कि रोहित शर्मा ही चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम की कमान संभालते हुए नजर आएंगे।




**भारत और पाकिस्तान एक ही ग्रूप में**

अगले साल होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए कुल आठ टीमों ने क्वालीफाई किया है। इसमें भारत और पाकिस्तान के अलावा बांग्लादेश, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, अफगानिस्तान और साउथ अफ्रीका की टीमें शामिल हैं। भारत और पाकिस्तान को एक ही ग्रूप में रखा गया है, वहीं इनके अलावा इस ग्रुप में बांग्लादेश और न्यूजीलैंड की टीमें शामिल हैं। बाकी चार टीमें दूसरे ग्रुप में हैं। पीसीबी की ओर से बताया गया है कि इस बार की चैंपियंस ट्रॉफी के सभी मैच तीन स्टेडियम पर रखे गए हैं। इसमें लाहौर, कराची और रावलपिंडी को शामिल किया गया है।

**टीम इंडिया का ऐसा हो सकता है शेड्यूल**

अभी तक जो जानकारी सामने आई है, उसमें पता चला है कि भारत और पाकिस्तान के महामुकाबला 1 मार्च को लाहौर में कराया जा सकता है। भारत के सभी मैच लाहौर में ही रखे गए हैं। इससे पहले 20 फरवरी को भारत और बांग्लादेश का मुकाबला होने की संभावना है, वहीं न्यूजीलैंड से भारत का मैच 23 फरवरी को हो सकता है। हालांकि अभी ये केवल ड्रॉफ्ट शेड्यूल है और इसे आखिरी रूप दिया जाना बाकी है।

## गुरु युवराज सिंह का वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ अभिषेक शर्मा ने टी 20 में रचा इतिहास

» ऐसा कर विश्व क्रिकेट में मचाई खलबली

**नई दिल्ली,08 जुलाई 2024।** जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टी-20 मैच में अभिषेक शर्मा ने इतिहास रच दिया. अभिषेक ने केवल 47 गेंद पर अपना शतक पूरा किया. अपने दूसरे ही टी 20 मैच में अभिषेक शर्मा ने धुआंधार शतकीय पारी खेली, अभिषेक शर्मा ने केवल 46 गेंद पर अपना शतक पूरा किया. अपनी पारी में अभिषेक ने 7 चौके और 8 छक्के लगाए. टी 20 में यह भारत की ओर से चौथा सबसे तेज शतक है. अपनी इस ऐतिहासिक पारी में अभिषेक ने अपने गुरु युवराज सिंह का वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ दिया है.




दरअसल, टी-20 इंटरनेशनल में एक पारी के दौरान स्पिनरों के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड पहले युवराज सिंह के नाम था. युवी ने 12 साल पहले 2012 में पाकिस्तान के खिलाफ मैच के दौरान 57 रन सिर्फ स्पिनरों के खिलाफ बनाए थे. साल 2012 में अहमदाबाद में पाकिस्तान के खिलाफ मैच में युवी ने 36 गेंद पर 72 रन बनाए थे जिसमें उन्होंने 54 रन सिर्फ स्पिनरों के खिलाफ ठोके थे. वहीं अब 12 साल के बाद अभिषेक शर्मा ने जिम्बाब्वे के खिलाफ मैच में 100 रनों की पारी खेली जिसमें 65 रन उन्होंने स्पिनरों के खिलाफ ठोकने में सफलता हासिल की है, ऐसा कर अभिषेक ने युवराज सिंह को पछाड़ दिया है.

# 3 नेशनल अवॉर्ड जीत चुकी है सलमान की हीरोइन रेवती



**कभी बेटी के खुलासे पर मचा था हल्ला**

साल 1991 में फिल्म आई थी लव। इसके हालांकि सभी गाने फेमस हुए थे। मगर सबसे ज्यादा पसंद किया जाने वाला सॉन्ग था, साथिया, ये तूने क्या किया। इसमें सलमान खान के साथ रेवती नजर आई थीं। वही एक्ट्रेस, जिन्होंने सलमान खान के साथ टाइगर 3 में भी काम किया था। वह गिरीश कर्नाड की जगह दिखाई दी थीं। इसके अलावा उन्होंने और भी भतेरी फिल्मों में काम किया है और वाहवाही भी बटोरी है। उन्हें एक नहीं, बल्कि तीन नेशनल अवॉर्ड मिल चुके हैं। आज मंडे मोटिवेशन में हम इनके ही बारे में आपको बताने जा रहे हैं।

रेवती का असली नाम आशा केलुन्नी है। इन्होंने न सिर्फ एक्टिंग की है। बल्कि डायरेक्शन में भी हाथ आजमाया है और कमाल की फिल्में बनाई हैं। साउथ में तो इनका बोलबाला है। तेलुगू, तमिल, मलयालम के अलावा कन्नड़ सिनेमा में भी ये अपने काम के लिए मशहूर हैं। यह साउथ इंडस्ट्री की फेमस एक्ट्रेस रही हैं। तीन नेशनल अवॉर्ड्स के साथ-साथ 6 फिल्मफेयर भी जीते हैं। इतना ही नहीं, साल 2022 में आई भूतकालम में अच्छा काम करने के लिए एक्ट्रेस को केरल राज्य फिल्म अवॉर्ड से भी नवाजा गया था। रेवकी एक ट्रेड भारतनाट्यम डांसर भी हैं। उन्होंने सात साल की उम्र में ही इसकी ट्रेनिंग ली थी।

**रेवती की पहली मूवी ही हुई सुपरहिट**

रेवती कोच्चि में जन्मी हैं। पिता मालंक केलुन्नी नायर भारतीय सेना में मेजर थे। वहीं उनकी मां का नाम ललिता ता, जो पलक्कड़ के तमिल परिवार से थीं। स्कूल के समय में ही एक फैशन शो में हिस्सा लिया था। उस दौरान इनकी एक फोटो एक फेमस तमिल मैग्जीन के कवर के लिए चुना गया था। और जब ये फोटो छपी और डायरेक्टर भारतीराजा ने देखा तो उन्होंने फिल्म मन्न वासनाई (1983) में उनको कास्ट कर लिया था। ये मूवी हिट रही थी और इसे फिल्मफेयर अवॉर्ड-साउथ भी मिला था। उसी साल एक्ट्रेस ने मलयालम फिल्म कट्टाथे किलिक्कुडु में काम किया था। ये मूवी भी बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थी। और उस साल की सबसे बड़ी हिट फल्मों में से एक रही थी। 1984 में उन्होंने तेलुगू इंडस्ट्री में भी कदम रखा था। वहां भी काम किया था। रजनीकांत तक के साथ काम किया था।

**रेवती ने मणि रत्नम और प्रियदर्शन संग किया काम**

रेवती को सबसे बड़ा ब्रेक मणि रत्नम की फिल्म मौन रागम से मिला था, जो 1986 में आई थी। रेवती ने इसके बाद बैक-टू-बैक कई मूवीज कीं। उन्होंने प्रियदर्शन की मलयालम फिल्म किलुक्कम (1991) में भी अभिनय करके सबको चौंका दिया था। 7-8 साल साउथ इंडस्ट्री में काम करने के बाद 1991 में उन्होंने सुरेश कृष्ण की मूवी लव से बॉलीवुड में एंट्री की। लेकिन नेशनल अवॉर्ड 1992 में आई तमिल फिल्म थेवर मगन के लिए बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस कैटगरी में मिला था। उन्होंने 1998 में थलाईमुरई के लिए तमिलनाडु राज्य फिल्म पुरस्कार विशेष पुरस्कार भी जीता है।

**रेवती डायरेक्टर और वॉइस ओवर आर्टिस्ट भी हैं**

रेवती ने 2002 से 2022 तक में कई फिल्में डायरेक्ट की हैं। इसमें मित्र, माय फ्रेंड है, जिसे बेस्ट फीचर फिल्म के लिए नेशनल अवॉर्ड मिला था। ये एक इंग्लिश मूवी थी। इसके अलावा, 2004 में आई थी फिर मिलेंगे।, 2009 की मलयालम फिल्म केरल कैफे, 2010 मे मुंबई कटिंग और 2022 में सलाम वैंकी को इन्होंने डायरेक्ट किया था। इसके अलावा, इन्होंने साउथ की अलग-अलग इंडस्ट्री की फिल्मों के लिए बतौर वॉइस ओवर आर्टिस्ट काम किया है। एक फिल्म 2020 में आई थी, जिसके लिए संस्कृत भाषा में डब किया था। एक तमिल फिल्म मरगाझी थिंगल के लिए इन्होंने प्लैबैक सिंगर का भी काम किया ह। तमिल, मलयालम, तेलुगू और हिंदी टीवी शोज में भी इन्होंने काम किया है।



# गेम चेंजर:बदलने वाला है सारा खेल

**किआरा आडवाणी संग मच अवेटेड फिल्म को लेकर राम चरण ने दिया बड़ा अपडेट**

साउथ सिनेमा के दिग्गज अभिनेता राम चरण तीन साल बाद सिनेमाघरों में धमाल मचाने के लिए एकदम तैयार हैं। साल 2022 में ब्लॉकबस्टर मूवी आरआरआर देने के बाद राम अपनी आगामी फिल्मों की तैयारियों में जुट गये थे। वह दो बॉलीवुड अभिनेत्रियों के साथ अपनी आगामी फिल्मों की शूटिंग कर रहे हैं। एक के साथ उन्होंने शूटिंग भी पूरी कर ली है।

राम चरण जल्द ही कबीर सिंह की प्रीति उर्फ कियारा आडवाणी के साथ इश्क लड़ाते हुए नजर आएंगे। साल 2021 में फिल्म की अनाउंसमेंट हुई थी और कई बार सेट से दोनों की फोटोज भी सामने आईं, जिसने फैंस की खुशी दोगुना कर दी थी। अब फिल्म को लेकर राम चरण ने एक बड़ा अपडेट दिया है, जो इसका इंतजार कर रहे फैंस के चेहरे पर एक बड़ी सी स्माइल ला देंगे

**फैंस हुए एक्साइटेड**

जैसे ही फिल्म के शूटिंग पूरी होने की जानकारी राम चरण ने शेयर की, फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। फैंस कमेंट कर रहे हैं कि राम चरण जल्द ही बॉक्स ऑफिस को हिलाकर रख देंगे। एक यूजर ने कहा, गेम तो अभी बस शुरू हुआ है। एक ने कहा कि इंडस्ट्री की हिट फिल्म लोड हो रही है। एक और ने लिखा, रिकॉर्ड को बदलने का समय आ गया है। एक ने कहा, गेम चेंजर नहीं, डेट चेंजर।

फिलहाल, राम चरण और कियारा आडवाणी की फिल्म गेम चेंजर की रिलीज डेट का एलान नहीं किया गया है। मगर उम्मीद है कि फिल्म 2025 में रिलीज हो सकती है।




**गेम चेंजर की शूटिंग हुई पूरी**

एस. शंकर के निर्देशन में बन रही फिल्म गेम चेंजर की शूटिंग पूरी हो गई है। अक्टूबर 2021 से ही फिल्म की शूटिंग के लिए तैयारियां शुरू हो गई थीं और अब मूवी का रैप-अप हो गया है। 8 जुलाई को राम चरण ने दो दमदार फोटोज के कोलाज से फैंस को यह खुशखबरी दी है। कोलाज की पहली फोटो में राम दूर से हैलीकॉप्टर को देख रहे हैं और दूसरी फोटो में वह हेलीकॉप्टर में बैठने जा रहे हैं।इन तस्वीरों से बने कोलाज को शेयर करते हुए राम चरण ने फैंस को गुडन्यूज दी है। उन्होंने कैप्शन में लिखा, गेम बदलने वाला है। गेम चेंजर। रैप हो गया। सिनेमा में आपसे मिलते हैं।

## कौन हैं स्मृति मंधाना के ब्वॉयफ्रेंड पलाश मुच्छल?



29 साल के पलाश मुच्छल म्यूजिक और फिल्म इंडस्ट्री में पिछले 10 साल से एक्टिव हैं। इंदौर में जन्मे पलाश, जानी-मानी सिंगर पलक मुच्छल के भाई हैं। पलक जहां सिंगिंग में आगे हैं, वहीं पलाश म्यूजिक कंपोजर हैं। उन्होंने पहली बार फिल्म ढिश्कियाऊं के लिए तू ही है आशिकी गाना कंपोज किया था। फिर भूतनाथ रिटर्न्सके लिए पार्टी तो बनती है गाना कंपोज किया।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सक्षम प्राधिकारी सूरजपुर,जिला-सूरजपुर (छ0ग0)**

रा.प्र.क्र. अ-2/2023-24

**ईश्तहार**

एतद द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम-सूरजपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अर्जुन कुमार अग्रवाल आ0 श्री रमेश कुमार अग्रवाल उम्र-38 वर्ष, जाति अग्रवाल ,निवासी ग्राम- सूरजपुर, पोस्ट ,तहसील सूरजपुर, जिला- सूरजपुर (छ0ग0) द्वारा उनके स्वत्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम-सूरजपुर ,प0 ह0 नं0 11, रा0नि0मं0 ,सूरजपुर तहसील-सूरजपुर ,स्थित खसरा क्रमांक 2400/2 रकबा 0.085 हे0 कृषि भूमि को आवासीय प्रयोजन में व्यपवर्तन किये जाने का आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस सम्बंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 18/07/2024 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उसके के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/07/2024 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया ।

सील — विशेष कर्त्तव्याधिकारी, भूमि व्यपवर्तन सूरजपुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर,जिला-सरगुजा,**

रा0प्र0क्र0.......... अ- 20(3) /2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती अरूणाशंकर पत्नि आनंद शंकर आ0 राजकुमार गुप्ता निवासी-नवाटोली 15 मेदनीनगर डाल्टेनगंज झारखण्ड , के द्वारा अपने स्वामित्व की मोहल्ला केदारपुर गुदरी चौक नगर अंबिकापुर शीट नं0-3 स्थित नजूल प्लाट नं0 1184/1 ,1184/2 ,1184/3 , 1184/4 , 1184/5 , 1185/1 , 1185/2 , 1186/2 , 1187/2 रकबा क्रमशः 0.01 , 0.02, , 0.06 , 0.07 , 0.02 , 0.03 , 0.24, 0.01, 1/2 एकड भूमि को बैक में बंधक रखने की अनापत्ति हेतु आवेदन-पत्र मय शपथ पत्र मेंटनेन्स खसरा की छायाप्रति के साथ पेश किया गया है।

अतः उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 22/07/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि सम्य सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील — नजूल अधिकारी ,अंबिकापुर

**न्यायालय तहसीलदार सूरजपुर जिला-सूरजपुर(छ0ग0)**

क्र 0298 राजस्व प्रकरण क्र./ब-121/2024 दि.27/06/04

**ईश्तहार**

आवेदक /आवेदिका का नाम जवाहिर सिंह, आ0स्व0 पातर सिंह ,जाति गोंड़ निवासी ग्राम- राजापुर, प0ह0नं0 तहसील सूरजपुर, जिला सूरजपुर छ0ग0 ने अपने माता स्व0 पतंग मृत्यु/जन्म दिनांक 03/07/2010 का मृत्यु/जन्म प्रमाण पत्र बनाने हेतू आवेदन पत्र पस्र्तुत किया गया हैं। जिस पर कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 10/07/2024 को समय 11:00 बजे इस न्यायालय में अपना स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।तद्नुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27/06/2024 को जारी किया जाता हैं।

सील — तहसीलदार सूरजपुर

**आवश्यक सूचना**

आम लोगों को सूचित किया जाता है कि आवेदक रोशन कुमार सिंह आ0 प्रभुदयाल सिंह निवासी बौरीपारा,शिकारी रोड अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.) के स्वामित्व की भूमि ग्राम करौटी(बी) तहसील ओड़गी स्थित भूमि ख.न. 530/5 रकबा 0.08 हे0 भूमि का दिनांक 21/03/2021को उप पंजीयक कार्यालय सूरजपुर में रजिस्टर्ड क्रं. आई एनसीजी4614863455592 आईव्ही का मूल पंजीकृत विक्रय पत्र विलेख का मूल प्रति आवेदक के घर में रखा हुआ था किन्तु काफी खोज के बाद भी नहीं प्राप्त हुआ है। गुम होने की सूचना थाना झिलमिली के समक्ष प्रस्तुत है। यदि उक्त पंजीकृत विलेख का किसी भी अन्य व्यक्ति द्वारा उपयोग किया जाता हे तो पूर्व रूप से शून्य माना जावे। मूल प्रति यदि किसी व्यक्ति को प्राप्त होने पर मोबाईल नं. 9098929434 में संपर्क करें।

**आवेदक**
किरण अग्रवाल
पति-चिरंजीलाल अग्रवाल
निवास-जगदीशपुर
पोस्ट सलका
जिला सूरजपुर (छ.ग.)

## खुला पत्र

# क्या स्वास्थ्य मंत्री की कुर्सी जाएगी या आरएसएस के होने का मिलेगा फायदा?

» मंत्री के साथ राज्य भर में बिगड़ी स्वास्थ्य विभाग की चाल...क्या कुर्सी बचा पाएंगे स्वास्थ्य मंत्री?

» 6 माह का निराशाजनक रहा स्वास्थ्य मंत्री का कार्यकाल...गृह जिले से लेकर पड़ोसी जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं ने तो दम...


» कार्यकाल खराब होने का परिणाम ही है कि अपने गृह क्षेत्र से लोकसभा मे 14 हजार से हुए पीछे...

» आलोचना से घबरा रहे हैं स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल...मंत्री पद बचाने अब कर रहे जद्दोजहद...

» पहले सिर्फ फोटोबाजी और हवा-हवाई दावे और दिखावे में रहे मस्त...

» क्या मंत्री पर भारी हैं निज सचिव... जिनके इशारे पर ही होते हैं सारे काम?

जल्द होने वाला है प्रदेश की विष्णु सरकार का विस्तार,बचेंगे या जाएंगे स्वास्थ्य मंत्री,राजधानी से लेकर गृह क्षेत्र में चर्चा का विषय...



» विभाग में मची है भर्राशाही,नहीं संभाल पा रहे स्वास्थ्य जैसा विभाग मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल...

» दलालों और सप्लायरों से घिरे हैं मंत्री,सत्ता और संगठन भी चल रहे नाराज, मंत्री को किया गया है इशाराःसूत्र...


» पार्टी पदाधिकारी और संघ से जुड़े लोगों का काम भी नहीं कर रहे स्वास्थ्य मंत्री...हुई शिकायत...



घटती घटना 5

क्या स्वास्थ्य मंत्री की कुर्सी जाएगी या आरएसएस के होने का मिलेगा फायदा?

# क्या छापें माननीय मुख्यमंत्री जी?




कलम बंद...का नवां दिन

?

कलम बंद...का नवां दिन




**घटती-घटना के स्नेही पाठकों,विज्ञापनदाताओं एवं शुभचिंतकों को हो रही असुविधा के लिए खेद है...**

संपादक :- अविनाश कुमार सिंह

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)